# बदलते मौसम में तेजी से फैल रहा वायरल संक्रमण

## एम्स की ओपीडी में 6 दिन में पहुंचे 25 हजार से अधिक मरीज

**06** अगस्त को ओपीडी में 5 हजार 351 मरीज पहुंचे

**03** दिनों में ही यह आंकड़ा 8 हजार 628 तक पहुंचा

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 06 अगस्त.मौसम में हो रहे लगातार बदलाव और बारिश के बीच शहर में वायरल बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है. सर्दी जुखाम बुखार और गले में इंफेक्शन के मरीजों की संख्या में भारी इजाफा देखा जा रहा है.**

स्थिति यह है कि राजधानी के एम्स अस्पताल की ओपीडी में बीते 6 दिनों के भीतर 25 हजार 523 से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंचे हैं. इनमें अधिकतर मरीज वायरल बुखार, गले में दर्द और लंबे समय तक रहने वाली खांसी की शिकायत लेकर आ रहे हैं. एम्स भोपाल के डैशबोर्ड आंकड़ों के अनुसार 6 अगस्त को ही ओपीडी में कुल 5 हजार 351 मरीज पहुंचे. जबकि अगस्त माह के शुरुआती तीन दिनों में ही यह आंकड़ा 8 हजार 628 तक पहुंच गया है. आंकड़ों के मुताबिक ओपीडी में आने वाले मरीजों में सबसे अधिक 37 प्रतिशत से ज्यादा लोग 26 से 45 वर्ष आयु वर्ग के हैं. वहीं 18 प्रतिशत से अधिक मरीज 46 से 60 वर्ष के और करीब 12 प्रतिशत 15 वर्ष से कम उम्र के शामिल हैं.

### बचाव और सावधानी के उपाय

डॉक्टरों ने सलाह दी है कि मौसम के बदलाव को देखते हुए खानपान और दिनचर्या में विशेष सावधानी बरतें. लक्षण दिखने पर ठंडा पानी और फ्रिज की चीजों से परहेज करें. गले में खराश या दर्द होने पर नमक के पानी से गरारे करें. भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें और मास्क का उपयोग करें. बिना डॉक्टरी सलाह के एंटीबायोटिक या कोई भी दवा खुद से न लें. वहीं अगर बुखार तीन दिन से अधिक समय तक बना रहता है या सांस लेने में तकलीफ होती है तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल जाकर डॉक्टर से परामर्श लें.

### संक्रमण ठीक होने में लग रहा है दो सप्ताह से अधिक का समय

डॉ पीयूष पंचरत्न बताते हैं कि मौसम में हो रहे बदलाव के कारण इन दिनों लोगों में और बच्चों में संक्रमण का खतरा अधिक होता है. इसमें बच्चों में बैक्टीरियल संक्रमण, वायरल निमोनिया जैसे मामले देखने को मिल रहे हैं. वहीं बड़ों में भी वायरल हेपाटाइटिस ई और इन्फ्लूएंजा वायरस देखने को मिल रहे हैं. इसमें बुखार, पेट दर्द, दले में खरास या गड़न, खांसी, कमजोरी और थकान की समस्या देखने को मिलती है. वहीं लोगों में संक्रमण को ठीक होने में करीब 2 हफ्ते से अधिक का समय भी लग रहा है. जबकि की बार बुखार उतरने के बाद भी सूखी खांसी बनी रह रहती है.

# 6 माह में पानी के 27 हजार सैंपल लिए, सिर्फ 4 फेल

- शहर में 85 वार्ड, सैंपल का आंकड़ा 1 .50 प्रतिशत प्रतिदिन
- 5 सौ मीटर पर एक वॉल, शहर में लगभग 10 हजार वॉल

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 6 अगस्त. नगर निगम भोपाल में पानी की जांच के लिए छह माह में 27 हजार नमूने लिए गए है. इसमें से सिर्फ चार नमूने ही अमानक पाए गए हैं. जबकि वर्तमान में शहर के अधिकतर क्षेत्रों में प्रतिदिन कहीं न कहीं प्रदूषित पानी की शिकायतें सामने आ रही हैं. नगर निगम में 85 वार्ड हैं.**

अगर छह माह में लिए गए पानी के नमूनों का प्रतिदिन से प्रत्येक वार्ड का आकलन किया जाए तो यह आंकड़ा लगभग 1.50 निकल रहा है. जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि प्रत्येक वार्ड में सैंपल लिए ही नहीं जा पा रहे हैं. वहीं निगम को जल संबंधित रोज 10 शिकायतें मिलती हैं. जिनमें से कुछ का तुरंत ही समाधान हो जाता है वहीं कुछ एक महीने में हल होती हैं. जो शिकायतें निगम को प्राप्त हो रही हैं उनकी तुलना में पानी के नमूने का आंकड़ा बहुत कम है.

**जलप्रदाय सप्लाई में 800 कर्मचारी:** जलप्रदाय शाखा में 2 हजार कर्मचारी हैं,इनमें जलसप्लाई के लिए लगभग 800 कर्मचारी हैं. जो दो शिफ्टों में कार्य करते हैं. शहर में पानी की सप्लाई सुबह 5 बजे से शुरू होती है जो देर रात 11 बजे तक की जाती है. कुछ वॉल मेन का कार्य करते हैं तो कुछ पानी के सेंपल लेने और लीकेज सुधार सहित अन्य कार्य करते हैं.

**एक वार्ड में दो वॉलमेन:** प्रत्येक वार्ड में लगभग 15 वॉल से जलप्रदाय किया जाता है. जिसके लिए दो वॉलमेन तैनात है. जो दो शिफ्टों में कार्य करते हैं. वहीं जलप्रदाय प्रभारी के अनुसार आंकड़ा एक वार्ड में 117 वॉल का हो रहा है, जो कि वार्ड में बताए गए आंकड़े से यह बहुत कम हैं, क्योंकि दो कर्मचारियों द्वारा इतने वॉल को खोलना और बंद करना संभव नहीं हैं.

**एक वॉल से लेना चाहिए एक सेंपल:** नगर निगम में जहां प्रतिदिन पानी के लगभग 100 नमूने जांच के लिए प्राप्त किए जा रहे हैं, जो प्रत्येक वार्ड के आंकड़ों वॉल के अनुसार बहुत कम हैं. जबकि एक वॉल से पानी की सप्लाई के बाद एक नमूना जांच के लिए प्रतिदिन लिया जाना चाहिए है. जिससे जनता सप्लाई किए जा रहे पानी की शुद्धता की जांच हो सके.

वर्तमान में सेंपल का आंकड़ा प्रत्येक वार्ड 1.50 हो रहा है. जिससे शहर के प्रत्येक वार्ड में दूषित पानी की सप्लाई की शिकायतें अधिक मिल रही हैं. अधिकतर शिकायतें नगर निगम पहुंच ही नहीं पा रही है. जिससे शहर में अधिकतर जनता दूषित पानी को पीने को मजूबर है.

### 38 सौ किलोमीटर जलप्रदाय की पाइप लाइन

निगम के जलकार्य प्रभारी उदित गर्ग ने बताया कि शहर में 3800 किलोमीटर जलप्रदाय की पाइप लाइन बिछाई गई हैं. शहर में पानी सप्लाई के लिए लगभग 10 हजार वॉल लगे हुए हैं. शुद्ध पानी की सप्लाई के लिए 15 फिल्टर प्लांट हैं, जिनमें से 12 बड़े तालाब, 1 कोलार डेम, एक कलियासोत डेम और एक नर्मदा जल के लिए है. सभी फिल्टर प्लांटों की देखरेख निजी कंपनी द्वारा की जाती है .जलकार्य विभाग के अनुसार शहर में 2 लाख 72 हजार नल कलेक्शन हैं.

### नल कनेक्शन बढ़े, केमिस्ट और प्रयोगशाला नहीं

निगम में पानी की जांच के लिए 8 परीक्षण शाला हैं, यह लगभग 40 साल पहले की आबादी और नल कनेक्शन पर आधारित थी. अब शहर की आबादी लगभग तीन गुना बढ़ गई है. लेकिन न ही केमिस्ट को बढ़ाया गया ना ही परीक्षण शाला बढ़ाई गई हैं जिससे पानी के सैंपलों की जांच की गति धीमी है. पानी की जांच के लिए सिर्फ 8 केमिस्ट हैं .जबकि एक फिल्टर प्लांट के आधार पर एक केमिस्ट होना आवश्यक है. जो यहां नहीं है. जिससे सैंपलों की जांच समय पर नहीं हो पाती है.

# निगम मुख्यालय में कांग्रेस ने किया पुतला दहन

## मास्टर प्लान की मांग पर पूर्व मंत्री और पार्षद के साथ पहुंचे थे कार्यकर्ता

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 6 अगस्त. राजधानी में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम मुख्यालय पर महापौर मालती राय का पुतला दहन किया. इससे पहले पूर्व मंत्री पीसी शर्मा की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया.**

यह पुतला दहन मास्टर प्लान विगत 25 वर्षों से लागू नहीं किए

जाने को लेकर किया गया. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि मास्टर प्लान लागू हो जाता तो आवासीय कालोनियों में व्यवसायिक गतिविधियां नहीं होती. मास्टर प्लान की वजह से शहर का विकास थम सा गया है.

### इनका कहना है

मास्टर प्लान को जल्द लागू किया जाना चाहिए. जिससे आवासीय कालोनियों में व्यवसायिक गतिविधियां की समस्या न हो सके. निगम की कार्रवाई से हजारों युवा बैरोजगार हो जाएंगे.

**पीसी शर्मा,** कांग्रेस के पूर्व मंत्री

# 7 जोनल अधिकारियों सहित 31 वार्ड प्रभारियों का रुकेगा वेतन

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 6 अगस्त. नगर निगम मुख्यालय में गुरुवार को निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने सभी विभागों की समीक्षा बैठक की. समीक्षा बैठक में आयुक्त ने जोन क्रमांक 2, 3, 4, 5, 10, 15 और 17 की राजस्व वसूली को संतोषजनक नहीं पाया.**

राजस्व वसूली में लापरवाही करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर निगमायुक्त ने सख्त रुख अपनाया है. इसके

तहत निगम आयुक्त ने 7 जोनल अधिकारियों और 31 वार्ड प्रभारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं.

## एक नजर में

### निरामय अस्पताल की सोनोग्राफी मशीन सील

**भोपाल.** कन्या भ्रूण हत्या रोकने और लिंग चयन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बनाए गए पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करने पर स्वास्थ्य विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है. सीएमएचओ भोपाल और समुचित प्राधिकारी की टीम ने निरामय अस्पताल की सोनोग्राफी मशीन को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है .बता दें निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम द्वारा गुरुवार को किए गए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अस्पताल में वैधानिक दस्तावेजों के संधारण में गंभीर खामियां पाई गई हैं.

### वाराणसी में ईरानी गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल.** वाराणसी में हाल ही में सर्राफा कारोबारी के कर्मचारी से 27 किलो चांदी लूटने के मामले में भोपाल के ईरानी गैंग के दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों शब्बीर और मसल्लाह को 3 अगस्त को हुई पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें व्हीलचेयर पर लाया गया. इस दौरान दोनों ने हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए कहा कि वे अब कभी उत्तर प्रदेश नहीं आएंगे.

### तीन युवकों पर चाकू से हमला,

**भोपाल.** हबीबगंज इलाके में तीन युवकों पर पुरानी रंजिश के चलते कुछ बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला दिया. हमलावरों ने युवकों के वाहन की भी तोड़फोड़ इस दौरान कर दी. हमले में घायल युवकों को तुरंत ही अस्पताल पहुंचाया गया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक फरियादी लक्की सेन निवासी ज्योतिबा फूले नगर ने शिकायत दर्ज कराई. लक्की ने पुलिस को बताया कि वह प्रायवेट काम करता है.


नव भारत
की प्रति बुक करने के लिए
संपर्क करें
आलोक श्रीवास्तव
मो. नं. 9828161600
भूपेंद्र पटवा
मो. नं. 7828549007


# सार्वजनिक अवकाश पर हर 15 मिनट में मिलेगी मेट्रो

## अंतिम ट्रेन सायं 7 :30 बजे तथा एम्स से सुभाष नगर रात 8 बजे होगी रवाना

**भोपाल, 6 अगस्त. यात्रियों की सुविधा को और अधिक बढ़ाते हुए मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने प्रत्येक रविवार एवं सार्वजनिक अवकाश के दिन यात्रियों को हर 15 मिनट के अंतराल पर मेट्रो शुरू की है। इसके साथ ही इन दिनों मेट्रो का संचालन एक घंटे अतिरिक्त किया जाएगा, रविवार एवं सार्वजनिक अवकाश के दिन सुभाष नगर स्टेशन से एम्स के लिए अंतिम मेट्रो सायं 7:30 बजे तथा एम्स स्टेशन से सुभाष नगर के लिए अंतिम मेट्रो रात 8:00 बजे रवाना होगी.**

अन्य कार्यदिवसों में मेट्रो का संचालन पूर्ववत रहेगा। इन दिनों भी पीक आवर्स (सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक तथा सायं 5:30 बजे से सायं 7 बजे तक) में यात्रियों को हर 15 मिनट के अंतराल पर मेट्रो सेवा उपलब्ध रहेगी, जबकि नॉन पीक आवर्स (सुबह 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक) में पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार मेट्रो का संचालन किया जाएगा.

भोपाल मेट्रो में यात्रियों की सुविधा के लिए ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन प्रणाली पहले से संचालित है. यात्री एमपीएमआरसीएल मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल टिकट प्राप्त कर सहज, सुरक्षित एवं कैशलेस यात्रा का लाभ उठा सकते हैं.

### डिस्काउंट पॉलिसी लागू

एमपीएमआरसीएल मोबाइल ऐप के माध्यम से ई-वॉलेट रिचार्ज करने पर यात्रियों को रिचार्ज राशि के आधार पर 8 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक अतिरिक्त बोनस राशि का लाभ मिलेगा। 200 से 499 रुपए तक के रिचार्ज पर 8 प्रतिशत, 500 से 999 रुपए तक 10 प्रतिशत, 1000 से 1499 रुपए तक 12 प्रतिशत, तथा 1500 से 2000 रुपए तक के रिचार्ज पर 15 प्रतिशत बोनस राशि प्रदान की जाएगी.

# 40 पुलिसकर्मियों को नहीं मिलेगा पदोन्नति का लाभ

**भोपाल, 6 अगस्त. पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में पदोन्नति सूची की समीक्षा के लिए रिव्यू डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति) की प्रक्रिया शुरू हो गई है. पहले चरण में लिपिकीय संवर्ग की समीक्षा पूरी कर ली गई है.**

सूत्रों के अनुसार करीब एक हजार पदोन्नत कर्मचारियों की सूची की जांच में लगभग 40 ऐसे कर्मचारी पाए गए हैं, जो विभागीय जांच लंबित होने या निर्धारित अंकों का मानक पूरा नहीं करने के कारण पदोन्नति के पात्र नहीं थे. ऐसे कर्मचारियों की पदोन्नति निरस्त कर उन्हें पूर्व पद पर वापस किया जाएगा.

समीक्षा के दौरान 12 ऐसे कर्मचारियों को भी पात्र पाया गया है, जिनके नाम तकनीकी कारणों से पहले जारी पदोन्नति सूची में शामिल नहीं हो सके थे. संबंधित शाखाओं से औपचारिक जानकारी मिलने के बाद उनके नाम संशोधित सूची में जोड़े जाएंगे. पुलिस मुख्यालय ने सभी संवर्गों की पदोन्नति की समीक्षा के लिए अलग-अलग समितियां गठित की हैं. समितियों की अनुशंसा के आधार पर संशोधित पदोन्नति सूची जारी होगी. संभावना है कि सोमवार से नई सूची जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी.

### नाबालिग के साथ परिचित ने किया दुष्कर्म

**भोपाल, 6 अगस्त.** कजलीखेड़ा इलाके में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. यह खुलासा तब हुआ, जब नाबालिग गर्भवती हो गई और परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे. आरोपी युवक भी नाबालिग के परिवार का परिचित है. मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.जानकारी के मुताबिक 15 साल की नाबालिग लड़की एक स्कूल की छात्रा है. नाबालिग को हाल ही में पेट दर्द की समस्या हुई तो परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे. डाक्टरों ने चेकअप के दौरान पाया की लड़की गर्भवती है. इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी गई.

# एमपी नगर को मिला नया एसडीएम

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 6 अगस्त. कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गुरुवार को एमपी नगर वृत्त में नवीन एसडीएम निधि चौकसे की पदस्थापना के आदेश जारी करते हुए अन्य के प्रभार में बदलाव किया है. निधि चौकसे लंबे समय से कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ थी. यह पद एसडीएम एलके खरे को एडीएम पर पदोन्नति होने के बाद उनको मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग में उपसचिव बनाया गया था. लेकिन के बाद खाली था. उन्होंने कुछ दिन पहले ही एमपी नगर वृत्त से रिलीव हुए हैं.**

संयुक्त कलेक्टर एवं बैरागढ़ एसडीएम रवीश कुमार श्रीवास्तव को भू-संसाधन प्रबंधन, राहत एवं आपदा प्रबंधन, नजूल, आरआरसी, वक्फ, भूमि अर्जन, मेट्रो परियोजना और भूमि आवंटन जैसी महत्वपूर्ण शाखाओं का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.

डिप्टी कलेक्टर लाखन चौधरी को सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन, टीएल बैठक, जनसुनवाई, लोक सेवा प्रबंधन और सामान्य शिकायत शाखा की जिम्मेदारी दी गई है. इससे आम लोगों की शिकायतों के निस्तारण से जुड़े कार्यों की निगरानी अब उनके जिम्मे रहेगी.

शहर वृत्त के एसडीएम दीपक पांडेय को उप जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ ही जनगणना से जुड़े कार्यों का अतिरिक्त दायित्व भी सौंपा गया है.

# व्यावसायिक गतिविधियों पर अब होगी सख्ती

- विधानसभा स्तर पर नोडल अधिकारी किए नियुक्त
- निगमायुक्त ने कर्मचारियों की ली थी बैठक

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 6 अगस्त. राजधानी में एक बार फिर से आवासीय कालोनियों में व्यावसायिक गतिविधियों का मामला फिर से गर्मा गया है. आगे की कार्रवाई के लिए निगम आयुक्त ने विधानसभा वार नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया है.**

यह सभी निगम की सभी वैध अवैध कालोनियों की सर्वे करेंगे. इस दौरान वह तीन बिंदुओं पर फोकस करेंगे. जिसमें बिना परमीशन के निर्माण, परमिशन से अधिक निर्माण एवं आवासीय परमीशन में व्यवसायिक उपयोग की जानकारी जुटाई जाएगी. यह सब जानकारी सुप्रीमकोर्ट के आदेश के पालन में की जाएगी. अभी लगभग 15 दिनों तक सिर्फ सर्वेक्षण कर सभी को नोटिस देने की कार्रवाई की जाएगी.

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार आवासीय कालोनी में सील बंद करने की कार्रवाई अभी बंद रखी गई है. निगम के अधिकारियों का कहना है कि अगर अभी कार्रवाई करते हैं तो अन्य कालोनी में जो व्यावसायिक गतिविधियां चल रही हैं, उनको लेकर जनता आपत्ति करेगी.

इसके पहले बुधवार को निगमायुक्त संस्कृति जैन ने भवन अनुज्ञा शाखा की अत्यंतआवश्यक बैठक ली. जिसमें उन्होंने कुछ कर्मचारियों पर नाराजगी जाहिर की.

### विधानसभा क्षेत्रवार नियुक्त नोडलअधिकारी

| | |
|---|---|
| गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र | भुवन गुप्ता, उपायुक्त |
| हुजूर विधानसभा क्षेत्र | अभिषेक सिंह अपर आयुक्त |
| नरेला और उत्तर विधानसभा क्षेत्र | वरुण अवस्था अपर आयुक्त |
| दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र | अन्जु अरुण कुमार अपरआयुक्त |
| मध्य विधानसभा क्षेत्र | अमन मिश्रा अपर आयुक्त |

# खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

**श्रीराम डिस्ट्रीब्यूटर्स से 12 लाख का घी जब्त**

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 6 अगस्त. जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने गुरुवार को प्राप्त सूचना के आधार पर श्रीराम डिस्ट्रीब्यूटर्स, 58 पटेल नगर, हमीदिया रोड, पर सघन निरीक्षण एवं जांच की कार्रवाई की.**

निरीक्षण में धौलपुर फ्रेश दानेदार देसी घी निर्माता भोले बाबा मिल्क फूड इंडस्ट्रीज तथा गोवर्धन प्योर काउ घी निर्माता पराग मिल्क फूड लिमिटेड की 200 मिली 500 मिली, 1 लीटर एवं 15 किलोग्राम पैकिंग का भारी मात्रा में भंडारण पाया गया. गुणवत्ता संदिग्ध तथा मिलावटी घी पाई गई. कार्रवाई के दौरान लगभग 655 किलोग्राम धौलपुर फ्रेश घी जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य 4,48,000 रुपए तथा 1,440 लीटर गोवर्धन घी अनुमानित बाजार मूल्य 8,18,000 रुपए जब्त किया. इस प्रकार लगभग 2,095 लीटर/किलोग्राम घी, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 12.66 लाख है, विभाग द्वारा जब्त किया गया.

**सघन निगरानी** अपराध नियंत्रण में निभाएंगे अहम भूमिका

# पुलिस की माइक्रो बीट में होंगे 'गोपनीय नागरिक' प्रभारी

**भोपाल, 6 अगस्त. शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट एक नई व्यवस्था लागू करने जा रहा है. इस पहल के तहत अब पुलिसकर्मियों की तरह प्रत्येक माइक्रो बीट में जागरूक एवं सभ्रांत नागरिकों को भी गोपनीय रूप से माइक्रो बीट नागरिक प्रभारी बनाया जाएगा.**

यह व्यवस्था पुलिस कमिश्नर संजय कुमार की पहल पर शुरू की जा रही है. इस नई व्यवस्था में चयनित नागरिक अपने क्षेत्र में होने वाली आपराधिक गतिविधियों, संदिग्ध व्यक्तियों

की आवाजाही, नशाखोरी, असामाजिक तत्वों की गतिविधियों और अन्य कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों की जानकारी गोपनीय तरीके से पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाएंगे. उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि वे बिना किसी दबाव या भय के पुलिस की सहायता कर सकें. वर्तमान में भोपाल पुलिस के प्रत्येक थाना क्षेत्र में कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल माइक्रो बीट प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं. अब इनके साथ स्थानीय स्तर पर सम्मानित, जागरुक और जिम्मेदार नागरिकों को भी जोड़ा जाएगा. पुलिस प्रत्येक माइक्रो बीट के लिए ऐसे नागरिकों की सूची तैयार करेगी, जिनकी क्षेत्र में अच्छी छवि और सामाजिक भागीदारी हो.

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कमिश्नर स्वयं नागरिक बीट प्रभारियों की कार्यप्रणाली की मासिक समीक्षा करेंगे. प्राप्त सूचनाओं और उनके आधार पर की गई कार्रवाई का मूल्यांकन किया जाएगा.

### यह जिम्मेदारी निभाएंगे नागरिक प्रभारी

- अपराध और नशाखोरी की जानकारी देना.
- संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखना.
- नशाखोरी और अवैध गतिविधियों की सूचना देना.
- अपराधियों की आवाजाही, संदिग्ध घटनाओं की जानकारी पुलिस तक पहुंचाना.
- स्थानीय विवादों और नागरिक समस्याओं की जानकारी समय रहते पुलिस को बताना.

### इनका कहना है

माइक्रो बीट थाना क्षेत्र की सबसे छोटी लेकिन सबसे महत्वपूर्ण पुलिसिंग इकाई है. यदि प्रत्येक माइक्रो बीट से समय पर सटीक जानकारी मिलेगी तो पुलिस अपराधों पर अधिक प्रभावी ढंग से नियंत्रण कर सकेगी. इसी उद्देश्य से इसे लागू किया जा रहा है.

**संजय कुमार,** पुलिस कमिश्नर

# अभ्यर्थियों का प्रदर्शन 12वें दिन भी रहा जारी

**भोपाल.** स्वास्थ्य विभाग में नियुक्ति प्रक्रिया की गड़बड़ी के कारण अभ्यर्थियों का गुस्सा अब चरम पर पहुंच गया है. पिछले 12 दिनों से शांतिपूर्ण धरने पर बैठे अभ्यर्थियों का आरोप है कि विभाग के अधिकारी अपनी प्रशासनिक गलती तो स्वीकार कर चुके हैं, लेकिन नियुक्ति का लिखित आश्वासन देने में लगातार टालमटोल कर रहे हैं. अभ्यर्थियों का कहना है कि जब विभाग खुद अपनी गलती मान चुका है, तो फिर अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने का लिखित आदेश जारी करने में देरी क्यों की जा रही है. इससे अभ्यर्थियों को भारी मानसिक, शारीरिक और आर्थिक परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है. अभ्यर्थियों का कहना है कि उनका उद्देश्य प्रशासन से टकराना नहीं है, बल्कि केवल न्याय और प्रक्रिया में पारदर्शिता पाना है.